डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती : आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक – COE / 246 / 2024
दिनांक – 27 / 05 / 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय
आगरा

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांक– 13.05.2024 लिये गये निर्णय के अनुपालन में निर्गत कार्यालय ज्ञाप सं0 COE/223/2024 दिनांक 17 / 05 / 2024 के क्रम में मद सं. 6 के अनुसार स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाओं में आन्तरिक परीक्षक सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अनुमोदित, कार्यरत / शिक्षक रहेगा, बाहय परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा नामित किया जायेगा।

अतः आन्तरिक परीक्षक के सम्बन्ध में महाविद्यालय में अनुमोदित प्राचार्य / शिक्षक के सम्बन्ध में निम्नलिखित अभिलेख विश्वविद्यालय कम्प्यूटर केन्द्र पर दिनांक 05 जून 2024 तक जमा कराने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में आन्तरिक परीक्षक भी विश्वविद्यालय द्वारा नामित किया जायेगा।

1. विश्वविद्यालय से अनुमोदित प्राचार्य / प्राचार्या।
2. विश्वविद्यालय से अनुमोदित विषयवार शिक्षक।
3. नियुक्ति पत्र / ज्योयिनिंग लेटर।
4. विगत एक वर्ष के वेतन निर्गत का बैंक स्टेटमेंन्ट।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समन्वयक, प्रयोगात्मक परीक्षा।
2. उपकुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय।
3. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
4. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को मां. कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. एजेन्सी–2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय के लॉगिन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाईल।

परीक्षा नियंत्रक

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

ांक: COE/223/2024

दिनांक: 17-05-2024

कार्यालय–ज्ञाप

क्षा समिति की बैठक दिनांक 13.05.2024 के मद संख्या 04, 05, 09 में समिति द्वारा निम्नवत निर्णय लिये गये है:

मद संख्या–04	राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतिम सेमेस्टर में शोध परियोजना में आंतरिक परीक्षा 25 एवं बाह्य परीक्षा 75 अंक की आंतरिक परीक्षक से कराये जाने पर विचार।
निर्णय	परीक्षा परिणाम शीघ्रतम घोषित किये जाने के दृष्टिगत समिति ने गहन विचार-विमर्श के उपरान्त शोध परियोजना का मूल्यांकन महाविद्यालय स्तर पर सुपरवाइजर एवं प्राचार्य द्वारा नामित परीक्षक द्वारा सम्पन्न कराये जाने की सहमति प्रदान की गयी।
मद संख्या–05	शिक्षा शास्त्र एवं गृह विज्ञान में परीक्षकों की संख्या कम होने के दृष्टिगत अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजना में संचालित पाठ्यक्रमों में वर्षों से शिक्षण कार्य करा रहे शिक्षकों से प्रश्नगत विषय व अन्य विषयों में प्रयोगात्मक परीक्षाओं में बाह्य परीक्षक के रूप में कार्य लिये जाने पर विचार।
निर्णय	अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजना में संचालित पाठ्यक्रमों में वर्षों से कार्यरत तथा विश्वविद्यालय से अनुमोदित शिक्षकों को शिक्षा शास्त्र एवं गृह विज्ञान के अनुरूप अन्य समस्त पाठ्यक्रमों में भी प्रयोगात्मक परीक्षाऐं कराये जाने हेतु बाह्य परीक्षक नामित किये जाने का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।
मद संख्या–09	राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित सेमेस्टर प्रणाली की सम व विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की प्रयोगात्मक परीक्षायें सम सेमेस्टर में आंन्तरिक परीक्षक से तथा विषम सेमेस्टर में बाह्य परीक्षक से कराये जाने पर विचार।
निर्णय	समिति ने सर्व सम्मति से अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालय की प्रयोगिक/मौखिकी परीक्षाऐं प्राचार्य द्वारा नामित आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षक से कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। स्ववित्तपोषित महाविद्यालय को बाह्य परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा व आन्तरिक परीक्षक सम्बन्धित स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में कार्यरत एवं विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शिक्षकों में से प्राचार्य द्वारा नामित किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी तथा ओ0टी0पी0 बाह्य परीक्षक पर ही भेजे जाने का निर्देश दिया गया।

कृपया उक्त का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

परीक्षा नियंत्रक

ालिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

समन्वयक, प्रयोगात्मक परीक्षा।

उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय।

अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।

प्रभारी, कुलपति सचिवालय को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।

प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय के लागईन आई0डी0 पर आज एजेन्सी–2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय के लागईन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें।